इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 15] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 10 अप्रैल 2015—चैत्र 20, शक 1937

### विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

# भाग १

## राज्य शासन के आदेश

### सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 मार्च 2015

क्र. ई.-5-689-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री उमाकांत उमराव, आयएएस., आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को दिनांक 23 मार्च से 4 अप्रैल 2015 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 5 अप्रैल 2015 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री उमाकांत उमराव की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री जे. एन. मालपानी, भाप्रसे, आयुक्त, अनुसूचित जाति कल्याण को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री उमाकांत उमराव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री उमाकांत उमराव द्वारा आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री जे. एन. मालपानी उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री उमाकांत उमराव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.



नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री उमाकांत उमराव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 19 मार्च 2015

क्र. ई.-1-75-2015-5-एक.—श्री उमाकांत उमराव, भाप्रसे. (1996), आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(2) श्री उमाकांत उमराव द्वारा संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा, भाप्रसे (2003), अपर आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) केवल संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, भोपाल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

भोपाल, दिनांक 20 मार्च 2015

क्र. ई.-5-684-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अमित राठौर, आयएएस., सचिव मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवक कल्याण विभाग तथा वाणिज्यिक कर विभाग को दिनांक 23 से 25 मार्च 2015 तक तीन दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 21 एवं 22 मार्च 2015 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री अमित राठौर की अवकाश अवधि में श्री अशोक कुमार शाह, प्रमुख सचिव, अनुसूचित जाति कल्याण तथा प्रबंध संचालक, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक खेल एवं युवक कल्याण विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अमित राठौर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवक कल्याण विभाग तथा वाणिज्यिक कर विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अमित राठौर द्वारा सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवक कल्याण विभाग तथा वाणिज्यिक कर विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अशोक कुमार शाह खेल एवं युवक कल्याण विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अमित राठौर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अमित राठौर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-813-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राजेश प्रसाद मिश्रा, आयएएस., संचालक, मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान(वाल्मी) तथा संचालक, ग्रामीण रोजगार तथा कार्यपालक संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान (डी.एम.आई.) को दिनांक 25 से 27 मार्च 2015 तक तीन दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 28 एवं 29 मार्च 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश प्रसाद मिश्रा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न संचालक, मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान(वाल्मी) तथा संचालक, ग्रामीण रोजगार तथा कार्यपालक संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान (डी.एम.आई.) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश प्रसाद मिश्रा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश प्रसाद मिश्रा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-501-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. आर. नायडू, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को दिनांक 24 मार्च से 1 अप्रैल 2015 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 2 एवं 3 अप्रैल 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री बी. आर. नायडू की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्रीमती कंचन जैन, भाप्रसे., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संसदीय कार्य विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. आर. नायडू को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. आर. नायडू द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती कंचन जैन उक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. आर. नायडू को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. आर. नायडू अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 23 मार्च 2015

क्र. ई.-5-930-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री फटिंग राहुल हरिदास, आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़, जिला अनूपपुर को दिनांक 16 से 20 मार्च 2015 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 14 एवं 15 तथा 21 एवं 22 मार्च 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री फटिंग राहुल हरिदास को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी, पुष्पराजगढ़, जिला अनूपपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री फटिंग राहुल हरिदास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री फटिंग राहुल हरिदास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 24 मार्च 2015

क्र. ई.-1-104-2015-5-एक.—श्री मनीष रस्तोगी, भाप्रसे (1994), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग की सेवाएं लोक निर्माण विभाग को सौंपते हुए उन्हें अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम पदस्थ किया जाता है तथा उन्हें पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग भी घोषित किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री मनीष रस्तोगी द्वारा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री विवेक अग्रवाल, भाप्रसे (1994), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग एवं सचिव, मुख्यमंत्री (अतिरिक्त प्रभार) तथा आयुक्त-सह-संचालक, संस्थागत वित्त (अतिरिक्त प्रभार), केवल प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग के कार्यभार से मुक्त होंगे एवं उनकी मूल पदस्थापना आयुक्त-सह-संचालक, संस्थागत वित्त मानी जाएगी. श्री अग्रवाल, सचिव, मुख्यमंत्री (अतिरिक्त प्रभार) का कार्य पूर्ववत संपादित करते रहेंगे.

(3) उपरोक्त पद-1 के अनुक्रम में श्री मनीष रस्तोगी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम 9 के अन्तर्गत प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची-II में सम्मिलित सचिव, मध्यप्रदेश शासन के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

भोपाल, दिनांक 25 मार्च 2015

क्र. ई.-5-803-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. के. खरे, आयएएस., कमिश्नर, ग्वालियर संभाग को दिनांक 4 से 10 मार्च 2015 तक सात दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री के. के. खरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. के. खरे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-632-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अनुपम राजन, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग तथा प्रबंधक संचालक मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम/ राज्य वस्त्र निगम/ मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को दिनांक 25 से 30 मई 2015 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 24 एवं 31 मई 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अनुपम राजन को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम/ राज्य वस्त्र निगम/ मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अनुपम राजन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अनुपम राजन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-685-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. पी. आहूजा, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मप्र ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमि. (ट्रायफेक) को दिनांक 17 से

27 मार्च 2015 तक ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 28 एवं 29 मार्च 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. पी. आहूजा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मप्र ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमि. (ट्रायफेक) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. पी. आहूजा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. पी. आहूजा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-789-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री शिवानंद दुबे, आयएएस., कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना को दिनांक 13 अप्रैल से 2 मई 2015 तक बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 11 एवं 12 अप्रैल तथा 3 एवं 4 मई 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री शिवानंद दुबे की अवकाश अवधि में श्री के. के. खरे, भाप्रसे. (1997) आयुक्त, ग्वालियर संभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री शिवानंद दुबे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री शिवानंद दुबे द्वारा कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री के. के. खरे, कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री शिवानंद दुबे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शिवानंद दुबे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-830-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री भोंडवे संकेत शांताराम, आयएएस., कलेक्टर, जिला होशंगाबाद को दिनांक 4 से 10 अप्रैल 2015 तक सात दिन का पितृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 2, 3 अप्रैल 2015 एवं 11, 12 अप्रैल 2015 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री भोंडवे संकेत शांताराम की अवकाश अवधि में श्री अभिजीत अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत होशंगाबाद को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला होशंगाबाद का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री भोंडवे संकेत शांताराम को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला होशंगाबाद के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री भोंडवे संकेत शांताराम द्वारा कलेक्टर, जिला होशंगाबाद का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अभिजीत अग्रवाल, कलेक्टर, जिला होशंगाबाद के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री भोंडवे संकेत शांताराम को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री भोंडवे संकेत शांताराम अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-685-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. पी. आहूजा, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मप्र ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमि. (ट्रायफेक) को दिनांक 17 से 27 मार्च 2015 तक ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 28 एवं 29 मार्च 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. पी. आहूजा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मप्र ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमि. (ट्रायफेक) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. पी. आहूजा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. पी. आहूजा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 26 मार्च 2015

क्र. ई-5-818-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एन. एस. भटनागर, आयएएस., अपर आबकारी आयुक्त, ग्वालियर को दिनांक 4 से 10 अप्रैल 2015 तक सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है उक्त अवकाश के साथ दिनांक 2, 3 अप्रैल 2015 एवं 11, 12 अप्रैल 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एन. एस. भटनागर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर आबकारी आयुक्त, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एन. एस. भटनागर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एन. एस. भटनागर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-1-82-2015-5-एक.—श्री गुलशन बामरा, भाप्रसे. (1997), आयुक्त-सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कम्पनी लिमिटेड का प्रभार भी सौंपा जाता है.

(2) श्री नीतेश कुमार व्यास, भाप्रसे. (1996), आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग भी घोषित किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 30 मार्च 2015

क्र. ई-5-650-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री हरिरंजन राव, भाप्रसे., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सूचना प्रौद्योगिकी, लोक सेवा प्रबंधन विभाग सचिव, मुख्यमंत्री तथा सचिव, पर्यटन विभाग को दिनांक 11 से 19 मई 2015 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 9 एवं 10 मई 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री हरिरंजन राव की अवकाश की अवधि में उनका प्रभार श्री मलय श्रीवास्तव, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री हरिरंजन राव, आयएएस., को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सूचना प्रौद्योगिकी, लोक सेवा प्रबंधन विभाग सचिव, मुख्यमंत्री तथा सचिव, पर्यटन विभाग तथा आयुक्त, पर्यटन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री हरिरंजन राव द्वारा सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सूचना प्रौद्योगिकी, लोक सेवा प्रबंधन विभाग सचिव, मुख्यमंत्री तथा सचिव, पर्यटन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मलय श्रीवास्तव उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री हरिरंजन राव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री हरिरंजन राव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-873-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अभिषेक सिंह, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, देवास को दिनांक 6 से 17 अप्रैल 2015 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है साथ ही दिनांक 5 अप्रैल 2015 एवं दिनांक 18, 19 अप्रैल 2015 को पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अभिषेक सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, देवास के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अभिषेक सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अभिषेक सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-671-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्रीमती दीपाली रस्तोगी, भाप्रसे., पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक, भोपाल को दिनांक 7 से 11 मार्च 2015 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती दीपाली रस्तोगी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती दीपाली रस्तोगी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती दीपाली रस्तोगी अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-5-476-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री दीपक खाण्डेकर, आयएएस., कमिश्नर, जबलपुर संभाग को दिनांक 18 से 23 मई 2015 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है उक्त अवकाश के साथ दिनांक 16, 17 मई एवं 24 मई 2015 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री दीपक खाण्डेकर की अवकाश अवधि में श्री शिवनारायण रूपला, भाप्रसे., कलेक्टर, जबलपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कमिश्नर, जबलपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री दीपक खाण्डेकर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कमिश्नर, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री दीपक खाण्डेकर द्वारा कमिश्नर, जबलपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शिवनारायण रूपला, कमिश्नर, जबलपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री दीपक खाण्डेकर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री दीपक खाण्डेकर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-524-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजय सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को दिनांक 5 से 11 मई 2015 तक सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 3 एवं 4 मई 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री संजय सिंह की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री के. के. सिंह भाप्रसे., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजय सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजय सिंह द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री के. के. सिंह उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजय सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2015

क्र. ई-5-565-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती गौरी सिंह, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश, ऊर्जा विकास निगम तथा विकअ-सह-आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विकास, भोपाल को दिनांक 5 से 11 मई 2015 तक सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 3 एवं 4 मई 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती गौरी सिंह, को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश, ऊर्जा विकास निगम तथा विकअ-सह-आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विकास, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती गौरी सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती गौरी सिंह अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**ॲन्टोनी डिसा**, मुख्य सचिव.

---

भोपाल, दिनांक 20 मार्च 2015

क्र. एफ-ए-5-09-2015-एक (1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय, श्री एस. के. सेठ, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार कम्यूटेड अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

| अ. क्र. | अवकाश अवधि | कुल दिन | अवकाश का प्रकार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | दि. 21-11-2014 से 6-2-2015 तक. | 78 | पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश. | अवकाश के पश्चात् दिनांक 7 एवं 8-2-2015 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित. |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**बी. आर. विश्वकर्मा**, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 26 मार्च 2015

क्र. ई-5-868-आयएएस-लीव-5-एक.—श्रीमती सूफिया फारूखी वली, आयएएस., तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, ग्वालियर को समसंख्यक आदेश दिनांक 22 सितम्बर 2014 द्वारा 7 से 17 अक्टूबर 2014 तक ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया था, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2015

क्र. ई-5-501-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री बी. आर. नायडू, आयएएस., प्रमुख सचिव, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 20 मार्च 2015 द्वारा दिनांक 24 मार्च से 1 अप्रैल 2015 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश दिनांक 2 अप्रैल एवं 3 अप्रैल 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति के साथ स्वीकृत किया गया था, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**फजल मोहम्मद,** अवर सचिव ''कार्मिक''.

---

## वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
### मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 मार्च 2015

क्र. एफ 1(1) 10-2015-सी-ग्यारह.—राज्य शासन, एतद्द्वारा मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 (क्रमांक 44 सन् 1973) की धारा 4 की उपधारा (2) में यथा विनिर्दिष्ट निम्न अधिकारियों को सारणी के कालम (4) में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों पर, कालम (3) में यथा विनिर्दिष्ट उक्त अधिनियम की धाराओं द्वारा रजिस्ट्रार को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग तथा कर्तव्यों का पालन करने के लिए नियुक्त करता है:—

सारणी

| क्र. | अधिकारी का नाम | अधिनियम की धाराएं | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | सुश्री शशि सिंह, असिस्टेंन्ट रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटीज, भोपाल. | धारा-34 | भोपाल-नर्मदापुरम संभाग |
| 2 | श्री एम. जे. कुरैशी, असिस्टेंन्ट रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटीज, सागर. | धारा-34 | सागर संभाग, सागर |
| 3 | श्री बी. एस. सोलंकी, असिस्टेंन्ट रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटीज, इन्दौर. | धारा-34 | इन्दौर संभाग, इन्दौर |
| 4 | श्री अजय खरे, असिस्टेंन्ट रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटीज, उज्जैन. | धारा-34 | उज्जैन संभाग, उज्जैन |
| 5 | श्रीमती मंगला पुरकाम, असिस्टेंन्ट रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटीज, ग्वालियर. | धारा-34 | ग्वारियर संभाग, ग्वारियर. |
| 6 | श्री जे. के. दुबे, असिस्टेंन्ट रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटीज, जबलपुर. | धारा-34 | जबलपुर-छिन्दवाड़ा संभाग, एवं रीवा-शहडोल संभाग. |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**डी. पी. अगरैया,** अवर सचिव.

---

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2015

क्र. एफ 11-90-2010-बी-ग्यारह.—उद्योग संवर्धन नीति 2010 एवं कार्ययोजना की कंडिका क्रमांक 14.4 के संदर्भ में जारी विभागीय आदेश क्रमांक एफ-20-1-2010-बी-ग्यारह, भोपाल, दिनांक 4 जनवरी 2011 में उल्लेखित प्रावधान के अनुरूप निम्नलिखित क्षेत्र को नवीन औद्योगिक क्षेत्र एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है:—

| क्र. | औद्योगिक क्षेत्र का नाम | जिला | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | रेडीमेड गारमेंटस पार्क ''दुकुल'' गदाईपुरा, ग्वालियर. | ग्वालियर | 19.99 |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**अनिल भारतीय,** उपसचिव.

## नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

### सूचना

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2015

क्र. एफ-3-9-2014-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 19 की उपधारा (4) के अधीन एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न परन्तुक के साथ राज्य सरकार द्वारा शहडोल निवेश क्षेत्र के लिये विकास योजना, 2031 मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19(1) में अनुमोदित की गई है तथा योजना की प्रति का निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण किया जा सकेगा, अर्थात्:—

1. आयुक्त, शहडोल संभाग, शहडोल, मध्यप्रदेश.
2. कलेक्टर, जिला शहडोल, मध्यप्रदेश.
3. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, शहडोल, मध्यप्रदेश.
4. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय, शहडोल, मध्यप्रदेश.

(2) यह विकास योजना मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 की उपधारा (5) के प्रावधान अनुसार राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवर्तित होगी :—

परन्तु ग्राम गोरतरा तहसील, सोहागपुर के खसरा क्रमांक 67/3, 538/2, 539, 542/1/4/2 कुल रकबा 3.625 हेक्टेयर का भू-उपयोग उपान्तरण मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23(क) 1(ख) के अन्तर्गत राज्य शासन के समक्ष विचाराधीन होकर प्रारम्भिक सूचना दिनांक 26 जुलाई 2013 को जारी की गई थी. प्रारम्भिक सूचना के जारी किये जाने के फलस्वरूप उक्त भूमि के भू-उपयोग संबंधी अधिनियम के प्रावधान प्रभावशील हो गये. दिनांक 28 जनवरी 2014 को शहडोल विकास योजना के प्रारूप प्रकाशन की कार्यवाही मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 18 के अन्तर्गत की गई. उक्त कार्यवाही में प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में आवेदक द्वारा वांछित भू-उपयोग प्रस्तावित किया गया. चूंकि धारा 23(क) 1(ख) के अन्तर्गत कार्यवाही पूर्व में प्रारम्भ कर दी गई थी एवं इस धारा के अन्तर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिये लेव्ही शुल्क लिया जाता है. अत: ग्राम गोरतरा तहसील सोहागपुर के खसरा क्रमांक 67/3, 538/2, 539, 542/1/4/2 कुल रकबा 3.625 हेक्टेयर का भू-उपयोग आवासीय तभी मान्य होगा जब धारा 23(क) के अन्तर्गत देय लेव्ही शुल्क आवेदक द्वारा जमा कराया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**वर्षा नावलेकर**, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2015

क्र. एफ-3-9-2014-बत्तीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-9-2014-बत्तीस, दिनांक 31 मार्च 2015 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**एस. के. मुदगल**, अवर सचिव.

Bhopal, the 31st March 2015

### NOTICE

No. F-3-9-2014-XXXII.—Notice under Section 19(4) of the Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 is hereby given that the State Government has approved the Development Plan for Shahdol, 2031 (Planning Area) under sub-section (1) of Section 19 of the Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 (No. 23 of 1973), and a copy of the said plan may be inspected at the following offices during office hours, namely:—

1. Commissioner, Shahdol Division, Shahdol, Madhya Pradesh.
2. Collector, Shahdol, District Shahdol Madhya Pradesh.
3. C.M.O., Municipal Council Shahdol, Madhya Pradesh.
4. Dy. Director, Town & Country Planning Distt. Office Shahdol, Madhya Pradesh.

(2) The said development plan shall come into operation with effect from of publication of this notice in Madhya Pradesh Gazette under Section 19 (5) of Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973:—

Provided land use change case of Village Gourtara, Tahsil Sohagpur, Khasra No. 67/3, 538/2, 539, 542/1/4/2 Total area 3.625 Hac. under Section 23(A)1(B) of Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 is under consideration of State Government for which initial notice has been issued on 26th July 2013. Provision's of the act has come into force for the said land due to publication of initial notice for land use change. Draft Development Plan for Shahdol was

published on 28th January 2014 under Section 18 of the Madhya Pradesh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973. Applicant has proposed for desired land use for land in question in the above proceedings. Since proceeding's under Section 23(A)1(B) were initiated prior to publication and there is a provision of charging levy under this Section hence residential land use for Village Gourtara, Tahsil Sohagpur, Khasra No. 67/3, 538/2, 539, 542/1/4/2 Total area 3.625 Hac. will be valid only when due levy under Section 23(A) is deposited by applicant.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
VARSHA NAOLEKAR, Dy. Secy.

## विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 30 मार्च 2015

फा. क्र. 17(ई) 4-2001-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों की सेवाएं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु कार्यालय कल्याण आयुक्त, भोपाल गैस पीड़ित, भोपाल की स्थापना पर, अस्थायी रूप से आगामी आदेश होने तक, कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से सौंपता है:—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अजय श्रीवास्तव, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, विदिशा. | प्रभारी रजिस्ट्रार |
| 2. | श्री राजेन्द्र चौरसिया, अपर जिला न्यायाधीश, ग्वालियर. | अतिरिक्त कल्याण आयुक्त |
| 3. | श्री दीपक बंसल, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कटनी. | उप कल्याण आयुक्त |

फा. क्र. 17(ई) 67-2008-इक्कीस-ब(एक)-891.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों की सेवाएं श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के पद पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से आगामी आदेश होने तक प्रतिनियुक्ति पर श्रम विभाग को सौंपता है:—

| क्र. (1) | नाम तथा पद (2) | नवीन पदस्थापना (3) |
|---|---|---|
| 1. | श्री निसार अहमद, दशम् व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1, जबलपुर | श्री एम. के. त्रिपाठी, पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, होशंगाबाद के स्थान पर. |
| 2. | श्री राजकुमार वर्मा, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बड़वाह जिला मण्डलेश्वर. | श्री आर. एल. करोरिया, पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, इन्दौर के स्थान पर. |
| 3. | श्री सुधीर मिश्रा, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 के न्यायालय के द्वितीय अति. न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटारसी. | श्री आर. एस. चुंडावत, पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, भोपाल के स्थान पर. |
| 4. | श्री महेश कुमार चौहान, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 के न्यायालय के अति. न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पेटलावद, जिला झाबुआ. | श्री ए. के. धाकड़, पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, मंदसौर के स्थान पर. |
| 5. | श्री आनंद कुमार सेहलाम, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1, जबलपुर. | श्रीमती शालिनी शर्मा, पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, छिन्दवाड़ा के स्थान पर. |
| 6. | श्री संतोष कुमार गुप्ता, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, परासिया, जिला छिन्दवाड़ा. | श्री ए. के. पाठक, पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, ग्वालियर के स्थान पर. |

फा. क्र. 1-1-2002-इक्कीस-ब(एक)-890.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 4 सपठित मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत उच्चतर न्यायिक सेवा के निम्न अधिकारियों को एतद्द्वारा, उनके नाम के सम्मुख दर्शाये अनुसार उनके पदभार ग्रहण करने के दिनांक से, आगामी आदेश होने तक नियुक्त करता है:—

| क्र. (1) | नाम (2) | पदनाम/ पदस्थापना (3) |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रदीप कुमार वर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनूपपुर. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल में श्री विनोद भारद्वाज के स्थान पर. |
| 2. | श्री श्यामकांत कुलकर्णी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, छिन्दवाड़ा. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, सीहोर में नवीन रिक्त पद पर. |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 3. | श्री सुशील कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश, अनु. जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, विदिशा. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, मुरैना में श्री महेश भदकारिया के स्थान पर. |
| 4. | श्री संजीव दत्ता, विशेष न्यायाधीश, अनु. जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, छतरपुर. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, सागर में श्री अनिल वर्मा के स्थान पर. |
| 5. | श्री भाऊराव पाटिल, विशेष न्यायाधीश, अनु. जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, जबलपुर. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रायसेन में रिक्त पद पर. |
| 6. | श्री प्रभात कुमार मिश्रा, विशेष न्यायाधीश, अनु. जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, बैतूल. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, छिन्दवाड़ा में श्री श्यामकांत कुलकर्णी के स्थान पर. |
| 7. | डॉ. सुभाष कुमार जैन, अति. जिला न्यायाधीश, हटा, जिला दमोह. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दमोह में रिक्त पद पर. |
| 8. | श्री अमनिश कुमार वर्मा, प्रथम अति. जिला न्यायाधीश, मुरैना. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, शिवपुरी में रिक्त पद पर. |
| 9. | श्री रूचिर शर्मा प्रथम अति. जिला न्यायाधीश, दतिया. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दतिया में रिक्त पद पर. |
| 10. | श्री अनिल कुमार भाटिया, अति. जिला न्यायाधीश, बागली, जिला देवास. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अशोकनगर में रिक्त पद पर. |
| 11. | डॉ. विजय कुमार अग्रवाल, प्रथम अति. जिला न्यायाधीश, बैढ़न (मुख्यालय सिंगरौली). | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बैतूल में श्री इकबाल अहमद के स्थान पर. |
| 12. | श्री विनोद कुमार, द्वितीय अति. जिला न्यायाधीश, रीवा. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, टीकमगढ़, श्री अनुपम श्रीवास्तव के स्थान पर. |
| 13. | श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सप्तम अति. जिला न्यायाधीश, रीवा. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, डिण्डौरी में रिक्त पद पर. |
| 14. | श्री अजय प्रकाश मिश्र, अष्टम अति. जिला न्यायाधीश, जबलपुर. | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर में रिक्त पद पर. |
| 15. | श्रीमती रेणुका कंचन, पंचम अति. जिला न्यायाधीश, ग्वालियर. | अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर में रिक्त पद पर. |

उक्त अधिकारियों को देय वेतन तथा भत्ते का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत होगा.

भोपाल, दिनांक 1 अप्रैल 2015

फा. क्र. 16-4-98-इक्कीस-ब(दो).—मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण अधिनियम, 1983 (क्रमांक 29 सन् 1983) की धारा 4 व 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त, मुख्य अभियंता को मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण, भोपाल में तकनीकी सदस्य के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 5 वर्ष की कालावधि के लिए या उस समय तक के लिए जब तक कि वह पैंसठ वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेते हैं, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, के लिए नियुक्त करता है.

F. No. 16-4-98-XXI-B(2).—In exercise of the powers conferred by Section 4 and 5 of the Madhya Pradesh Madhyastham Adhikaran Adhiniyam, 1983 (No. 29 of 1983) the State Government hereby appoints Shri Om Prakash Shrivastava, Retired Chief Engineer as a technical Member of the M.P. Arbitration Tribunal from the date he assumes charge for the period of five years or till he attains the age of sixty five years which ever is earlier.

फा. क्र. 16-4-98-इक्कीस-ब(दो).—मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण अधिनियम, 1983 (क्रमांक 29 सन् 1983) की धारा 4 व 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री प्रदीप कुमार वर्मा, जिला न्यायाधीश, अनूपपुर को मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण, भोपाल में न्यायिक सदस्य के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 5 वर्ष की कालावधि के लिए या उस समय तक के लिए जब तक कि वह पैंसठ वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेते हैं, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, के लिए नियुक्त करता है.

F. No. 16-4-98-XXI-B(2).—In exercise of the powers conferred by Section 4 and 5 of the Madhya Pradesh Madhyastham Adhikaran Adhiniyam, 1983 (No. 29 of 1983) the State Government hereby appoints Shri Pradeep Kumar Verma, Distt. Judge Anooppur as a Judicial Member of the M.P. Arbitration Tribunal from the date he assumes charge for the period of five years or till he attains the age of sixty five years which ever is earlier.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**विरेन्दर सिंह**, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 30 मार्च 2015

फा. क्र. 17(ई)-35-05-इक्कीस-ब (दो).—विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का संख्यांक 39) की धारा 9 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नियम 1996 के नियम 14 के उपनियम (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट जिलों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिए नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों को तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 1994 का संख्यांक 59) द्वारा यथा संशोधित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का संख्यांक 39) की धारा 11-क की उपधारा (2) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए निम्न अनुसूची के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट तालुक/तहसील विधिक सेवा समिति के लिए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधिपति के परामर्श से उक्त अनुसूची के कॉलम (4) पें विनिर्दिष्ट व्यक्तियों को अधिसूचना जारी होने के दिनांक से 2 वर्ष के लिए सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट करता है:—

## अनुसूची

| क्र. (1) | जिला (2) | तहसील (3) | पदेन/निर्दिष्ट सदस्य का नाम (4) | तहसील संख्या (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | छतरपुर | 1. राजनगर | 1. वरिष्ठ न्यायाधीश जो पदेन अध्यक्ष होगा<br>2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ.<br>3. उपखण्डीय अधिकारी (राजस्व)<br>4. उपखण्डीय अधिकारी (पुलिस)<br>**नामनिर्दिष्ट सदस्य**<br>1. श्री द्वारिका प्रसाद चंदेल, वरिष्ठ अधिवक्ता | 2 |
| | | 2. बडामलहरा | 1. वरिष्ठ न्यायाधीश जो पदेन अध्यक्ष होगा<br>2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ<br>3. उपखण्डीय अधिकारी (राजस्व)<br>4. उपखण्डीय अधिकारी (पुलिस)<br>**नामनिर्दिष्ट सदस्य**<br>1. श्री पवन मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता | |
| 2 | सीधी | 1. रामपुर नैकिन | 1. वरिष्ठ न्यायाधीश जो पदेन अध्यक्ष होगा<br>2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ.<br>3. उपखण्डीय अधिकारी (राजस्व)<br>4. उपखण्डीय अधिकारी (पुलिस)<br>**नामनिर्दिष्ट सदस्य**<br>1. श्री प्रभाकरण सिंह, अधिवक्ता | 1 |
| 3 | शाजापुर | 1. नलखेड़ा | 1. वरिष्ठ न्यायाधीश जो पदेन अध्यक्ष होगा<br>2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ.<br>3. उपखण्डीय अधिकारी (राजस्व)<br>4. उपखण्डीय अधिकारी (पुलिस) | 1 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| | | | **नामनिर्दिष्ट सदस्य** | |
| | | | 1. श्री मांगीलाल जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता | |
| 4 | सतना | 1. चित्रकूट | 1. वरिष्ठ न्यायाधीश, जो पदेन अध्यक्ष होगा<br>2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ.<br>3. उपखण्डीय अधिकारी (राजस्व)<br>4. उपखण्डीय अधिकारी (पुलिस) | 1 |
| | | | **नामनिर्दिष्ट सदस्य** | |
| | | | 1. श्री बी. पी. शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता | |
| 5 | डिण्डौरी | 1. शहपुरा | 1. वरिष्ठ न्यायाधीश, जो पदेन अध्यक्ष होगा<br>2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ.<br>3. उपखण्डीय अधिकारी (राजस्व)<br>4. उपखण्डीय अधिकारी (पुलिस) | 1 |
| | | | **नामनिर्दिष्ट सदस्य** | |
| | | | 1. श्री राकेश अग्रवाल, अधिवक्ता | |
| 6 | राजगढ़ | 1. सारंगपुर | 1. वरिष्ठ न्यायाधीश, जो पदेन अध्यक्ष होगा<br>2. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ.<br>3. उपखण्डीय अधिकारी (राजस्व)<br>4. उपखण्डीय अधिकारी (पुलिस) | 1 |
| | | | **नामनिर्दिष्ट सदस्य** | |
| | | | 1. श्री चांदमल जैन, समाज सेवी | |

भोपाल, दिनांक 1 अप्रैल 2015

फा. क्र. 1(बी) 34-2004-इक्कीस-ब (दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, श्री विष्णु कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री छिंदामीलाल श्रीवास्तव, अधिवक्ता, जिला नरसिंहपुर को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये नरसिंहपुर सत्र खण्ड के नरसिंहपुर राजस्व जिले के लिये एतद्द्वारा, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक नियुक्त करता है. यह नियुक्ति सामान्य पदावधि समाप्त होने के पूर्व बिना कोई कारण बताये किसी भी समय उन्हें कोई सूचना दिए बिना समाप्त की जा सकती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**अमिताभ मिश्र**, अपर सचिव.

## कार्यालय, कलेक्टर, जिला सतना, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सतना, दिनांक 5 मार्च 2015

भू-अर्जन-प्र. क्र. एफ-15-पत्र क्रमांक 50-भू-अर्जन-15.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची में खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः सही भूमि अधिग्रहण पुनर्वास 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:—

### अनुसूची

| भूमि का वर्णन | | | | धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | अर्जनीय रकबा (हे. मे.) लगभग | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| सतना | मझगवां | रजौला | 0.057 | कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा म. प्र. | रजौला, मोकमगढ़ मार्ग में पैसुनी नदी पर निर्माणाधीन पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण. |

भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर (भू-अर्जन) कार्यालय में देखा जा सकता है.

भू-अर्जन-प्र. क्र. एफ-15-पत्र क्रमांक 51-भू-अर्जन-15.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची में खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः सही भूमि अधिग्रहण पुनर्वास 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:—

### अनुसूची

| भूमि का वर्णन | | | | धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | अर्जनीय रकबा (हे. मे.) लगभग | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| सतना | मझगवां | मोहकमढ़ | 0.506 | कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा म. प्र. | रजौला, मोकमगढ़ मार्ग में पैसुनी नदी पर निर्माणाधीन पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण. |

भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर (भू-अर्जन) कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**संतोष मिश्र**, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

# कार्यालय, कलेक्टर, जिला मंदसौर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

मंदसौर, दिनांक 13 मार्च 2015

## प्रारंभिक अधिसूचना

प्र. क्र. 01-अ-82-2014-15.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में फतेहपुर चिकली तालाब योजना तहसील सीतामऊ जिला मन्दसौर की योजनान्तर्गत ग्राम करणपुरा के लिए आवश्यक वर्णित भूमि जिसका, कृषकवार, सर्वे क्रमांकवार विवरण अनुसूची (2) के उल्लेखित हैं.

अत: भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्र. 30 सन् 2013) की धारा 11 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है :—

## अनुसूची (1)

**ग्राम-करणपुरा, तहसील सीतामऊ**

| स.क्र. | विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टर में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सिंचित | असिंचित | कुल |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | ग्राम करणपुरा | 0.21 हे. | 0.00 हे. | 0.21 |

**फतेहपुर चिकली तालाब ग्राम करणपुरा**

## अनुसूची (2)

**फतेहपुर चिकली तालाब निर्माण में आने वाली निजी भूमि का पूरक विवरण**

| स.क्र. | प्रभावित कृषक का नाम | खसरा क्रमांक | कुल भूमि का रकबा | प्रभावित भूमि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सिंचित | असिंचित | कुल |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| **ग्राम-करणपुरा :** | | | | | | |
| 1 | कमलेश पिता अमृतराम कुल्मी निवासी चिकला. | 24. पे. | 0.35 | 0.08 | – | 0.08 |
| 2 | कमलेश पिता अमृतराम कुल्मी निवासी चिकला. | 25/1 | 0.09 | 0.01 | – | 0.01 |
| 3 | श्यामलाल पिता अमृतलाल कुल्मी | 25/2 | 1.15 | 0.02 | – | 0.02 |
| 4 | मानसिंह पिता मनोहरसिंह | 94/1 | 0.45 | 0.02 | – | 0.02 |
| 5 | दिपकुंवर बैवा मनोहरसिंह | 94/2 | 0.46 | 0.02 | – | 0.02 |
| 6 | ईश्वर सिंह पिता मनोहरसिंह राजपूत | 95 | 0.45 | 0.02 | – | 0.02 |
| 7 | शिवसिंह पिता प्रतापसिंह राजपुत नि. करणपुरा. | 46 मीन 1 | 0.91 | कच्चा कुआ 1 | – | कच्चा कुआ 1 |
| 8 | कमलसिंह पिता भेरूसिंह राजपुत निवासी करणपुरा. | 47 | 0.00 | पाईप लाईन 230 मीटर एवं कच्चा कुआ 1 | – | पाईप लाईन 230 मीटर एवं कच्चा कुआ 1 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | बेबीकुंवर पति ईश्वरसिंह | 91 | 0.00 | पाईप लाईन 250 मीटर | – | पाईप लाईन 250 मीटर |
| 10 | रतनकुंवर पति मनोहरसिंह | 93 | 0.00 | कच्चा कुआ 1 | – | कच्चा कुआ 1 |
| 11 | भेरूलाल पिता देवा कुमावत | 115 मीन | 0.36 | 0.04 | – | 0.04 |
| | | कुल योग . . | 4.22 | 0.21 | – | 0.21 |

प्र. क्र. 01-अ-82-2014-15.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में फतेहपुर चिकली तालाब योजना तहसील सीतमऊ जिला मन्दसौर की योजनान्तर्गत ग्राम चिकली के लिए आवश्यक वर्णित भूमि जिसका, कृषकवार, सर्वे क्रमांकवार विवरण अनुसूची (2) के उल्लेखित हैं.

अत: भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्र. 30 सन् 2013) की धारा 11 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है :—

## अनुसूची (1)

**ग्राम-चिकली, तहसील सीतामऊ**

| स.क्र. | विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टर में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सिंचित | असिंचित | कुल |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | ग्राम चिकली | 5.88 हे. | 0.00 हे. | 5.88 |

**फतेहपुर चिकली तालाब ग्राम चिकली :**

## अनुसूची (2)

**फतेहपुर चिकली तालाब निर्माण में आने वाली निजी भूमि का पूरक विवरण**

| स.क्र. | प्रभावित कृषक का नाम | खसरा नम्बर | कुल भूमि का रकबा | प्रभावित भूमि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सिंचित | असिंचित | कुल |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| **ग्राम-चिकली :** | | | | | | |
| 1 | रामकुंवर पति बिहारी सिंह राजपूत | 179 पे. | 0.42 | 0.42 | – | 0.42 |
| 2 | मानसिंह पिता सरदारसिंह राजपूत | 197 | 0.16 | 0.16 | – | 0.16 |
| 3 | नाहरसिंह पिता उदयसिंह राजपूत | 201 | 0.88 | 0.81 | – | 0.81 |
| 4 | रघुवीरसिंह पिता लक्ष्मणसिंह राजपूत | 206/1 | 0.12 | 0.06 | – | 0.06 |
| 5 | मनोहरसिंह पिता लक्ष्मणसिंह राजपूत | 206/2 | 0.40 | 0.20 | – | 0.20 |
| 6 | भंवरसिंह पिता लक्ष्मणसिंह राजपूत | 206/3 | 0.43 | 0.20 | – | 0.20 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | शांतिबाई पति रामनारायण बलाई | 288/3 | 0.32 | 0.32 | – | 0.32 |
| 8 | गट्टु पिता माधु भील | 246 | 0.44 | 0.39 | – | 0.39 |
| 9 | रूघनाथसिंह पिता देवीसिंह राजपूत | 257 | 0.46 | 0.46 | – | 0.46 |
| 10 | मंदिर श्री रामचन्द्रजी | 274 | 0.24 | 0.24 | – | 0.24 |
| | प्रबंधक कलेक्टर, मध्यप्रदेश शासन. | 311 | 0.16 | 0.16 | – | 0.16 |
| 11 | भगतराम पिता धुरा बलाई | 288/1 | 0.11 | 0.11 | – | 0.11 |
| 12 | बद्रीलाल पिता धुरा बलाई | 288/2 | 0.21 | 0.21 | – | 0.21 |
| 13 | ललीताबाई पिता बाबुलाल भील | 289/1 | 0.07 | 0.07 | – | 0.07 |
| 14 | शम्भुलाल पिता भुवान भील | 289/2 | 0.07 | 0.07 | – | 0.07 |
| 15 | भारतलाल पिता भुवान भील | 289/3 | 0.06 | 0.06 | – | 0.06 |
| 16 | भंवरलाल पिता भेरूलाल भील | 290/1 | 0.09 | 0.09 | – | 0.09 |
| 17 | रामलाल पिता भेरूलाल | 290/2 | 0.09 | 0.09 | – | 0.09 |
| 18 | लालसिंह पिता देवीसिंह राजपूत | 324/1 | 0.12 | 0.12 | – | 0.12 |
| 19 | बिहारीसिंह पिता सरदारसिंह राजपूत | 594/327 | 0.09 | 0.09 | – | 0.09 |
| 20 | सामन्तसिंह पिता देवीसिंह राजपूत | 324/2 | 0.13 | 0.13 | – | 0.13 |
| 21 | मांगुसिंह पिता सज्जन सिंह, ईश्वरसिंह बा. भगवानसिंह, सामंतसिंह, कमलेश ना.बा. पिता मदनसिंह सरपरस्त, माता प्रेमकुंवर, बैवा मदनसिंह पेपकुंवर बैवा हिन्दुसिंह राजपूत | 351 | 0.20 | 0.10 | – | 0.10 |
| 22 | बसंतीबाई बैवा नन्दा, मदन भंवरबाई पिता नन्दा | 235/2मीन 2 | 0.19 | 0.19 | – | 0.19 |
| 23 | प्रतापसिंह पिता गोरधनसिंह राजपूत | 337 | 0.60 | 0.30 | – | 0.30 |
| 24 | रामेश्वर पिता कुशाल भील | 340 | 0.15 | 0.15 | – | 0.15 |
| 25 | गोपालकुंवर पति मानसिंह राजपूत | 343 | 0.05 | 0.05 | – | 0.05 |
| 26 | सरूप पिता नन्दा बलाई | 344 | 0.05 | 0.05 | – | 0.05 |
| 27 | प्रभुबाई पिता भेरू भील | 382 | 0.17 | 0.17 | – | 0.17 |
| 28 | भंवरसिंह पिता बगदुरसिंह | 321 मी. 1 | 0.10 | 0.10 | – | 0.10 |
| 29 | लक्ष्मणसिंह पिता सरदारसिंह | 180 | 0.91 | 0.30 | – | 0.30 |
| 30 | रामसिंह पिता नाहरसिंह राजपूत | 299 पे. | 1.24 | – | – | पाईप लाईन 400 मीटर |
| 31 | सेवा खातेदार | 227 | 3.54 | 0.01 | – | 0.01 |
| | | कुल योग . . | 12.27 | 5.88 | – | 5.88 |

क्र. 597-13-14-प्र. क्र. 03-अ-82-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में देथलीबुजुर्ग से पनवाड़ी पहुंच मार्ग योजना में ग्राम देथलीबुजुर्ग, पिपल्याराजा, पनवाडी, साठखेड़ा की भूमि सड़क निर्माण के लिए आवश्यकता है वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, सर्वे क्रमांकवार विवरण अनुसूची (2) के उल्लेखित है.

अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्र. 30 सन् 2013) की धारा 11 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है :—

## अनुसूची (1)

**ग्राम-देथलीबुजुर्ग, पिपल्याराजा, पनवाड़ी, साठखेडा**

| स.क्र. | विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टर में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सिंचित | असिंचित | कुल |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | देथलीबुजुर्ग | 1.280 | 1.980 | 3.260 |
| 2 | पिपल्याराजा | 0.240 | 0.130 | 0.370 |
| 3 | पनवाड़ी | 0.750 | 0.430 | 1.180 |
| 4 | सांठखेडा | 0.030 | 0.390 | 0.420 |
| | कुल योग . . | 2.300 | 2.930 | 5.230 |

## अनुसूची (2)

**देथलीबुजुर्ग से पनवाड़ी पहुंच मार्ग**

| स.क्र. | प्रभावित कृषक का नाम | खसरा नम्बर | कुल भूमि का रकबा | प्रभावित भूमि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सिंचित | असिंचित | कुल |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| **ग्राम-देथलीबुजुर्ग** | | | | | | |
| 1 | रोडा पिता भेरूलाल जटिया नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 772 | 3.150 | 0.110 | 0.000 | 0.110 |
| 2 | फकीरचंद पिता नानुराम रूकमण बाई बेवा नानुराम चव ईशवर बबलु ना. बा. पिता सत्यनारायण अ. पा. कर्ता मातारानी बाई बेवा सत्यनारायण जटिया नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 755 | 0.840 | 0.040 | 0.000 | 0.040 |
| 3 | रामलाल पिता सेवा व विनोद दशरथ, पुरालाल, ललिता बाई, पुरीबाई पिता चुपालाल व सीता बाई बेवा चुपालाल जटिया सा. | 754 | 1.330 | 0.060 | 0.000 | 0.060 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | राधेश्याम प्रभुलाल पिता नंदराम जटिया नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 753 | 0.970 | 0.050 | 0.000 | 0.050 |
| 5 | हिरालाल पिता भवरलाल गायरी नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 752 | 0.280 | 0.050 | 0.000 | 0.050 |
| 6 | प्रभुलाल पिता भवरलाल गायरी नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 750 | 0.560 | 0.040 | 0.000 | 0.040 |
| 7 | भवरलाल बाबुलाल पिता नारायण व कस्तुर बाई बेवा मांगीलाल चमार नि. ग्राम. भूमि स्वामी. | 744 | 0.090 | 0.000 | 0.090 | 0.090 |
| 8 | गोविंदराम बालाराम पिता कालुराम व | 739 | 0.490 | 0.000 | 0.060 | 0.060 |
| | शीला बाई बेवा कालुराम व शांतिबाई | 815 | 1.050 | 0.120 | 0.000 | 0.120 |
| | सुमित्राबाई पिता हीरा व रुकमण बाई | 818 | 1.060 | 0.080 | 0.000 | 0.080 |
| | बेवा हीरा जाट नि. ग्राम भूमि स्वामी. | | | | | |
| | | योग . . 3 | – | 0.200 | 0.060 | 0.260 |
| 9 | भेरूलाल पिता रामलाल कुलमी नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 738 | 0.560 | 0.000 | 0.130 | 0.130 |
| 10 | बाबुलाल पिता काशीराम कुलमी नि. गारीयाखेडा भूमि स्वामी. | 730 | 1.160 | 0.000 | 0.070 | 0.070 |
| 11 | बंसतीलाल कुलमी पिता किशनलाल | 729 | 1.180 | 0.000 | 0.070 | 0.070 |
| | कुलमी नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 1053 | 0.900 | 0.000 | 0.050 | 0.050 |
| | | योग . . 2 | – | 0.000 | 0.120 | 0.120 |
| 12 | रमेशचुद्र पिता उकारलाल गायरी नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 728 | 1.180 | 0.000 | 0.070 | 0.070 |
| 13 | भारतराम पिता प्रेमचद्र कुलमी नि. ग्राम भूमि स्वामी. | 723 | 2.210 | 0.000 | 0.200 | 0.200 |
| 14 | मांगीलाल नारायण केशुरात पिता सोजी व धापुबाई बेवा सोजी बंजारा सा. देह भूमि स्वामी. | 722 | 2.360 | 0.000 | 0.130 | 0.130 |
| 15 | बंशीलाल पिता परथी बंजारा नि. | 1133 | 1.470 | 0.000 | 0.0070 | 0.070 |
| | ग्राम भूमि स्वामी. | 1151 | 0.820 | 0.000 | 0.060 | 0.060 |
| | | योग . . 2 | – | 0.000 | 0.130 | 0.130 |
| 16 | बद्रीलाल बसंतीलाल बापुलाल पिता | 1145 | 1.720 | 0.000 | 0.290 | 0.290 |
| | किशन लाल व राम गोपाल पिता | 1149 | 1.400 | 0.000 | 0.050 | 0.050 |
